हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 मई 2024

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



12 समय पर उठाव न होने से खुले में पड़ा है 13 हजार क्विंटल धान



12 भालू पंजा-सुअर दांत बेचने कर रहा था ग्राहक की तलाश, गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा परिणाम आज होगा जारी

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज 9 मई को कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम दोपहर 12:30 बजे से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइटों पर देखी जा सकेंगी। विद्यार्थी सीजीबीएसई डाट एनआईसी डाट इन, सीजी डाट रिजल्ट्स डाट एनआईसी डाट इन और रिजल्ट्स डाट सीजी डाट एनआईसी पर विजिट करके रिजल्ट चेक कर सकेंगे।

### रेडियो श्रोताओं ने जताई नाराजगी



**फिंगेश्वर।** आकाशवाणी के राष्ट्रीय रेडियो प्रसारण सेवा विविध भारती मुम्बई में फरमाईसी कार्यक्रम बंद होने से श्रोतागण नाराज। श्रोताओंने फरमाईसी कार्यक्रम प्रारंभ करने की मांग की है। जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया 2019 से राष्ट्रीय रेडियो प्रसारण सेवा विविध भारती मुम्बई से सभी फरमाईसी कार्यक्रम बंद हैं, जिससे कार्यक्रम की रोचकता खत्म हुई वहीं पर श्रोता निराश है। कार्यक्रम हैलो फरमाईस, मनचाहे गीत, आपकी फरमाईस, पत्रवली ईमेल एसएमएस वाले दोनों कार्यक्रम बंद हैं।

### 11 से विशाल संत समागम एवं भागवताचार्य सम्मेलन

**राजिम।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा महादेवघाट रायपुर में 11 व 12 मई को विशाल संत समागम, भगवताचार्य सम्मेलन व जगद्गुरु शंकराचार्य प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेशभर से गोस्वामीजन बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। दो दिवसीय राज्यस्तरीय आयोजन में पहले दिन सायं 6 बजे से संत समागम, भगवताचार्य सम्मेलन में प्रदेश भर के गोस्वामी भगवताचार्य, संत व समाज के भगवताचार्य धर्म, संस्कृति, समाज व राष्ट्र हित विषय पर चिंतन करेंगे। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक पूज्यपाद शंकराचार्य जी की पूजा के साथ प्रारंभ होगा। भव्य शोभायात्रा व भोजन प्रसादी के पश्चात छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के संस्थापक, अध्यक्ष रमन गिरि गोस्वामी करेंगे। ऋषि आश्रम के संत नारायण दास त्यागी, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी एवं प्रदेश के श्रद्धेय महंतगण विशेष अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान, भगवद्गाचार्यों का सम्मान, विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया है।

# 15 वर्षों से एक कमरे में चल रहा है मैनपुर का उप डाकघर, हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर को लगभग 15 वर्ष पहले उप डाकघर का दर्जा मिला था। लेकिन अब तक उप डाकघर के लिए भवन निर्माण नही होने के कारण किराए के एक कमरे में पिछले 15 वर्षो से संचालित हो रहा है। यहां उप डाकघर का संचालन बड़ी मुश्किलों से हो रहा है। क्षेत्रवासी कई बार डाकघर के लिए नवीन भवन की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक मांगों पर ध्यान न देना समझ से परे है।

**11 शाखाओं का होता है संचालन :** मैनपुर में करीब डेढ़ दशक पहले उप डाकघर खुला था, तब स्वयं का भवन नही होने के कारण जनपद पंचायत कार्यालय के एक पुराने कमरे में इसका संचालन शुरू किया गया। एक कमरे के भीतर उप डाकपाल के साथ अन्य कर्मचारियों को बैठकर कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जगह की कमी के कारण सरकारी दस्तावेजों को सुरक्षित रख पाना भी मुश्किल है। बारिश व गर्मी के दिनों में डाकघर आने वाले लोगों के लिए छांव की तक व्यवस्था नहीं है। इस उप डाकघर के अंतर्गत 11 शाखा डाकघर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें तौरेंगा, कोयबा, शोभा, धवलपुर, इंदागांव, गोना, गौरगांव, जिड़ार, मोहंदा, घटौद, सिकासार भी शामिल है।

**क्या कहते है अधिकारी:** मैनपुर उप डाकपाल वायके साहू ने बताया कि यह किराए के भवन में संचालित हो रहा है। जगह की कमी है एक कमरे के भीतर सभी कार्यो को करना पड़ता है। इस समस्या से पूर्व में विभाग के बड़े अफसरों को अवगत कराया जा चुका है।



### 1977 से हो रहा संचालन

तहसील मुख्यालय मैनपुर में सन 1977 से डाकघर संचालित किया जा रहा है। अब डाकघरों में कार्य भी बढ़ गया है सरकार की अनेक योजनाओं का संचालन डाकघरों के माध्यम से किया जाता है। इसलिए समय रहते मैनपुर नगर में सर्व सुविधायुक्त डाकघर निर्माण किया जाना आवश्यक हो गया है। जनपद अध्यक्ष नुरमति मांझी, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष योगेश शर्मा, तुलसी राठौर, बाबूलाल साहू, बिसेसर सिक्का, घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव, नेयाल नेताम ने मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल रायपुर से मांग किया है कि मैनपुर तहसील मुख्यालय में उप डाकघर का नया भवन निर्माण किया जाये, जिससे इस आदिवासी क्षेत्र के लोगो को ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं का लाभ मिल सके।



## 60 गांव के लोगों का संघर्ष जारी: पुल- पुलिया निर्माण की मांग हर मौके पर हैं उठाते

# मतदान के बहिष्कार की चेतावनी, अफसरों ने आश्वासन दिया तो इलाके के लोगों ने डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ओडिशा व धमतरी से जोड़ने वाली सड़क पर पुल- पुलिया की मांग को लेकर लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की चेतावनी दी थी। अफसरों से फिर आश्वासन मिलने पर इलाके के लोगों ने मतदान किया। बारिश के चार माह लगभग 60 ग्राम के लोगों का इस मार्ग पर आवागमन कठिन हो जाता है। बारिश के कारण नदी-नालों के उफान पर रहने पर दूसरे इलाकों से लगभग कटने की स्थिति बन जाती है।

- राजापड़ाव से गौरगांव तक 22 किमी की सड़क में बारिश के मौसम में आवागमन कठिन

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के राजापड़ाव-गौरगांव मुख्य लाइफ लाइन मार्ग जो सीधे ओडिशा राज्य के रायगढ़ और धमतरी जिला के रिसंगाव से जोड़ता है। इस 22 किलोमीटर सड़क का निर्माण ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद किया गया। अब तक इस मार्ग के मुख्य नदी नाले अडगडी, शोभा, जरहीडीह, बाघ नाला में पुल- पुलिया निर्माण नहीं हुआ है। इससे ग्राम पंचायत अडगडी, शोभा, गोना, कुचेंगा, कोकडी, गरहाडीह, गौरगांव एंव ग्राम पंचायत भुतबेडा आठ ग्राम पंचायतों के लगभग 60 पाराटोला ग्राम के हजारों लोग प्रभावित होते हैं। राजापड़ाव से लेकर गौरगांव तक, अड़गड़ी नदी, जरहीडीह नदी, शोभा नदी, बाघ नदी, गरहा नदी में पुल निर्माण की मांग को कई बार आंदोलन कर चुके हैं। हर बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया जाता है कि पुल निर्माण के लिए इस्टीमेट बनाकर भेजा जा चुका है। राशि स्वीकृत होने पर निर्माण कार्य करवाया जाएगा। बारिश के 4 माह में आवागमन बाधित हो जाता है।





### लोकसभा चुनाव के पूर्व बहिष्कार की ग्रामीणों ने दी थी चेतावनी

वर्तमान लोकसभा चुनाव के पूर्व इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुल पुलिया निर्माण के साथ अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी। मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी बाजीलाल सिंह एवं स्थानीय अधिकारियों ने ग्राम शोभा में बैठक रखकर ग्रामीणों को चुनाव के बाद समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया था।



### निर्माण की मिली है स्वीकृति

लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर संजय यादव ने बताया कि अड़गड़ी नाला, जरहीडीह नाला में पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति मिली है। इसके अलावा गरहा नाला, कोकड़ी नाला पर सेतु निर्माण विभाग द्वारा पुल निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है।।

### 26 साल पहले आंदोलन से बनी सड़क, पुल- पुलियों का इंतजार

राजापड़ाव से गौरगांव तक पक्की सड़क के लिए ग्रामीणों ने 26 साल पहले नेशनल हाईवे पर पांच दिनों तक चक्काजाम किया था। राजापड़ाव से गौरगांव 22 किलोमीटर सड़क के लिए क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने खूब संघर्ष किया है। लगभग 26 वर्ष पहले मैनपुर-देवभोग वर्तमान में मुख्य नेशनल हाईवे मार्ग में राजापड़ाव के पास सड़क पर पंडाल लगाकर क्षेत्र की हजारों ग्रामीणों ने पक्की सडक निर्माण को लेकर लगातार पांच दिनों तक चक्काजाम किया था, जो कि इस क्षेत्र के सबसे बडे आंदोलन के रूप में जाना जाता है। उसके बाद अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने राजापड़ाव से गौरगांव तक पक्की डामरीकरण सड़क की आधारशिला रखी थी। 22 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया। लेकिन पुल- पुलिया आज तक नहीं बनी।

# सिकासार जलाशय के गेट 10 मई से होंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिकासार जलाशय से रबी फसल सिंचाई के लिए, राजिम मेला एवं निस्तारी हेतु 1 जनवरी 2024 से निरंतर पानी प्रदाय किया जा रहा है। जलभराव क्षमता के विरुद्ध जलाशय में उपलब्ध जल को ध्यान में रखते हुए 10 मई से सिकासार जलाशय का गेट बंद कर दिया जाएगा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद ने बताया कि सिकासार जलाशय की जलभराव क्षमता 198.88 मि.घ.मी. है। 2 मई 2024 की स्थिति में जलाशय में 53.54 मि.घ.मी. जल उपलब्ध है, जो कि जलाशय के पूर्ण जलभराव का मात्र 26.91 प्रतिशत है। चूंकि आगामी खरीफ फसल वर्ष 2024- 25 हेतु गरियाबंद, धमतरी जिले के लिए 38.00 मि.घ.मी. एवं माह मई 2024 में निस्तार के लिए पानी आरक्षित रखा जाना है। इस हेतु कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा जलाशय में उपलब्ध जल के आधार पर पानी बंद किए जाने का निर्देश दिया गया। अतः जल उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सिकासार जलाशय का गेट 10 मई से बंद किया जाएगा।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 23 जनवरी 2024 को कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। बैठक में उपस्थित राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव तथा अन्य सदस्य अधिकारीगण द्वारा सिकासार जलाशय से रबी फसल हेतु पैरी दांयी तट मुख्य नहर से 2625 हेक्टेयर एवं लघु जलाशय से 838 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी दिये जाने की सहमति व्यक्त की गई।



- जलाशय में अब केवल 26.91 प्रतिशत जलभराव

# 30 सालों से सबसे पहले करते हैं मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

लोकसभा के लिए तीसरे चरण का चुनाव समूचे क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने बहुत मेहनत किया। क्षेत्र के जौंदा एक ऐसा मतदान केंद्र क्रमांक 93 रहा जहां 85 फीसदी वोट पड़ा। इस मतदान केंद्र में पहला वोट डालने के लिए पहुंचे सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष क्षेत्र के वरिष्ठतम भाजपा नेता पारस सिंह ठाकुर का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर कर्मचारियों ने किया। श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले 30 वर्षो से वे सबसे पहले वोट करते हैं। वे वोटिंग समय से पौन घंटा पहले ही मतदान केंद्र पहुंच जाते है। वे लोगों को वोट डालने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहते है। इसी तरह भाजपा के लोकसभा संयोजक एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अपने गृहग्राम खोल्हा के बूथ क्रमांक 113 में वोट डाला। खोल्हा एक ऐसा मतदान केंद्र रहा जहां 85 फीसदी वोट पड़ा। नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा सुबह अपनी धर्मपत्नी सुभाषिनी शर्मा के साथ मतदान किया। नवापारा भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन भी पत्नी शिल्पा देवांगन के साथ मतदान किया। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देहुति-रतिराम साहू अपने परिवार के साथ वार्ड नं 2 के मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट डाला। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण के मतदान में लोगो का असीम उत्साह नजर आया। वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू होना था, इसके पहले ही मतदाताओं की कतार सुबह 6 बजे से सभी मतदान केंद्रो में शुरू हो गया था। इस दौरान नए मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया।

- सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पारस का हुआ सम्मान



# डा. रमन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सोमवार को रायपुर मौल श्री विहार निवास में डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा से डा. रूपसिंग साहू सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा नेता देवगांव ने सौजन्य मुलाकात करते हुए क्षेत्र की विकास एवं समस्या निवारण पर सार्थक बातचीत किया।



# सोसाइटियों में खाद-बीज का वितरण शुरू, कृषि ऋण पर राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ सीजन 2024-25 प्रारम्भ होने को है, जिले के किसान खेती की तैयारी शुरू कर सकते हैं। फसल तैयारी और खाद-बीज उठाव के संबंध में कृषि विभाग द्वारा आवश्यक सूचना जारी की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज का भंडारण किया जा रहा है। साथ ही कृषकों को कृषि ऋण के तहत बीज, खाद का वितरण शुरू हो चुका है। किसान आवश्यकता अनुसार बीज, खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं। किसानों को कृषि विभाग की तरफ से सुझाव भी जारी किए गए है। इसके तहत किसान हरी खाद हेतु सनई, ढ़ेचा की बुआई प्रारम्भ कर सकते है। पोषक तत्व प्रबंधन हेतु रासायनिक उर्वरक, जैव उर्वरक, जैविक खाद, नेनो डी.ए.पी. नेनो युरिया आदि विकल्पों का उपयोग किया जा सकता है।

- किसान कर सकते हैं खेती की तैयारी

समितियों में डी.ए.पी. 1350 रूपये बोरी, युरिया 266.50 रूपये बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट 475 रूपये बोरी, पोटाश 1625 रूपये बोरी, एन.पी.के.12:32:16, 20:20:0:13 आदि उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है। तथा वितरण शुरू हो चुका है। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण अग्रिम उठाव करने पर कृषकों को अतिरिक्त ब्याज पृथक से नही देना होता है। किसान डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में नेनो डी.ए.पी, सिंगल सुपर फास्फेट, एन.पी. के 12:32:16, ग्रोमोर आदि उर्वरकों का उपयोग भी कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान बीज, उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर लाभ उठायें तथा शत प्रतिशत उर्वरकों का क्रय पॉस मशीन के माध्यम से करें एवं उर्वरक बीज के बिल पर्ची अवश्य लेवें, जिससे बीज, उर्वरकों की कालाबाजारी को रोका जा सके।

## जनप्रतिनिधियों से लेकर उच्चाधिकारियों ने कभी नहीं दिया ध्यान

# आजादी के बाद भी विशेष पिछड़ी जनजातियों के गांव तक नहीं पहुंचा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

देशभर में आजादी के 75वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आज भी छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा के अंतर्गत रसेला अंचल के ग्राम पंचायत कोठीगांव के आश्रित ग्राम खलियापानी जो छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर और उड़ीसा राज्य की सीमा से लगा हुआ है। जहां से उड़ीसा सीमा महज एक किलोमीटर पड़ता है। इस गांव में लगभग 14 से 15 विशेष पिछड़ी भुजिया जनजातीय परिवार निवासरत हैं। यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, और समस्याओं से जकड़े हुए हैं। यहां तक सड़क, पानी की भी सुविधा नहीं है। गांव के लोग विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है।

### एक नलकूप से बुझती है गांव की प्यास

यहां के लोग वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन्हें सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें मताधिकार तो मिला है, लेकिन इसका फायदा चुनाव लड़ने वालों.तक सीमित है। चुनाव जीतने के बाद विधायक, सांसद को इस गांव की बेहतरी के लिए समय नहीं मिला। आजादी के बाद से ही उपेक्षा का दंश इस गांव के लोग भोगते आ रहे हैं। गांव की सुमित्रा बाई, मालती बाई, दुलारा बाईं, पील बाईं, अनेशी बाईं आदि ने बताया कि हमारे गांव में आज भी गर्मी के दिनों में पानी की विकट समस्या होती है, एक नलकूप है जिससे पूरे गांव का गुजारा होता है। आज भी हम लोगों को पक्की सड़क नसीब नहीं हुआ है। बारिश के दिनों में गांव की गलियां कीचड़ में बदल जाती है।





### सरकारी सुविधाओं से हैं वंचित

ग्रामीणों को वनाधिकार पट्टा मिल तो गया है, लेकिन वे विभाग के अधिकारियों के द्वारा उसका मुआयना कराने से उनके ज़मीन का नंबर दूसरे गांव का निकलता है। जिसके सुधार के लिए कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर हो रहे हैं। लेकिन आज तक सुधार नहीं हो पाया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मुश्किल से तीन-चार परिवारों को मिला है। बाकी परिवार आज भी इस योजना से वंचित रह गए हैं। बरसात के दिनों में कोई बीमार पड़ जाए तो यहां पर एंबुलेंस का आना नामुमकिन है। ग्राम के सरपंच कहते हैं कि मैंने समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार उच्च अधिकारियों से गुहार लगाया है। विधायक जनक ध्रुव को पेयजल की समस्या से अवगत कराया है। वहीं एक बार समग्र विकास योजना के तहत इस गांव में सीसी रोड की स्वीकृति मिली थी, लेकिन अभी तक कार्य आदेश और फंड का अता-पता नहीं है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### आचार संहिता के बाद होगी डीएमई की नियुक्ति

**रायपुर।** डॉ. विष्णु दत्त के सेवानिवृत होने के बाद रिक्त चिकित्सा शिक्षा संचालक के पद पर नई नियुक्ति आचार संहिता शिथिल होने के बाद किए जाने की संभावना है। वर्तमान में डीएमई का कामकाज प्रभारी के द्वारा चलाया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा संचालक के इस पद के लिए वरिष्ठता के आधार पर जगदलपुर के डीन डॉ. यूएस पैंकरा का नाम सबसे आगे हैं। वहीं अनुभव के आधार पर रायपुर मेडिकल कालेज के एक विभागाध्यक्ष की नाम चर्चा में हैं। इसके साथ ही अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई माह में कुछ शासकीय मेडिकल कालेज के डीन भी बदले जा सकते हैं।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण का आयोजन

**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार एकलव्य खेलकुंद प्रकल्प के अंतर्गत वनवासी विकास समिति द्वारा 12 से 18 वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 10 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का शुल्क मात्र 300 प्रति प्रतिभागी रखा गया है, इस प्रशिक्षण के माध्यम से तीरंदाजी के साथ साथ, जनजाति समाज के विभिन्न खेल, नैतिक, सामाजिक संस्कार /मूल्यों का ज्ञान एवं बौद्धि, शैक्षिक अभ्यास कराया जायेगा, उचित प्रशिक्षण और मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में लोग कर रहे हवाई सफर

**रायपुर।** छुट्टियों का समय होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग सैर-सपाटे में वक्त बिता रहे हैं। इसकी वजह से रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली उड़ानों में काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 47 हजार से अधिक यात्रियों ने आवाजाही की है। रायपुर से अभी 13 शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती है। यहां से नए शहरों और पुराने शहरों के लिए पुनः उड़ान संचालित किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### दो ई-रिक्शा चोरी

**रायपुर।** काठाडीह स्थित शराब दुकान के सामने खड़ा एक ई-रिक्शा पार हो गया। प्रार्थिया सौम्या बाजपेयी ने चोरी की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 4 मई को दोपहर डेढ़ बजे की है। चोरी ई-रिक्शा की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। एक अन्य घटना में आजाद चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत गरीब नवाब मोटर बाड़ी शॉप के पास जीई रोड से अज्ञात चोर ई-रिक्शा चोरी कर ले गया। घटना 6 मई को रात 11 बजे की है। चोरी हुए ई-रिक्शा की कीमत 85 हजार रुपए है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मो. तालिफ खान ने दर्ज कराई है।

### पानी के छींटे लगने पर विवाद, जानलेवा हमला

**रायपुर।** तालाब में नहाते समय पानी के छींटे लगने की बात पर एक व्यक्ति पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आरंग पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध केस पंजीबद्ध किया है। घटना 6 मई की शाम 7 बजे ग्राम चरोदा स्थित पचरी तालाब की है। प्रार्थी बलीराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय तालाब में नहा रहा था। इस दौरान पानी के कुछ छींटे पचरी के पास बैठे रवि धीवर, पीलू धीवर और चंदन धीवर पर जा गिरे। इस बात पर तीनों ने उसके साथ विवाद करते हुए उस पर धारदार वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं।

### गायत्री परिवार की हुई बैठक शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक विगत दिनों हुई।

# सुबह बिजली की खपत 45 सौ, दोपहर को पांच हजार, पीक ऑवर में साढ़े पांच हजार मेगावाट


## कृषि पंपों का लोड कम होने से राहत, अब छह हजार मेगावाट तक नहीं जा रही है खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी भीषण तेवर दिखा रही है, पारा 42 से 43 डिग्री तक जा रही है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो मई में बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। मार्च में ही बिजली की खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, लेकिन इस समय खपत पीक ऑवर में भी छह हजार मेगावाट तक भी नहीं पहुंच रही है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन कृषि पंप 80 फीसदी बंद हो गए हैं, इसलिए खपत का ग्राफ भी नीचे आ गया है। इस समय स्थिति यह है कि सुबह के समय खपत 45 सौ मेगावाट, दोपहर में पांच हजार मेगावाट के आसपास और शाम को पीक ऑवर में खपत 55 सौ मेगावाट तक ही जा रही है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है। आने वाले समय में खपत और कम होगी, जब पूरे कृषि पंप बंद हो जाएंगे। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च के माह में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

### मार्च में सबसे ज्यादा खपत

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई।



### मई में राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खतप 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और अब मई के पहले सप्ताह में 80 फीसदी तक कृषि पंप हो गए हैं। ऐसे में खपत अब छह हजार मेगावाट तक भी नहीं जा रही है।

## स्पेशल ट्रेनों में किराया अधिक देकर कर यात्री लेटलतीफी से हो रहे परेशान

# 58 स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं यात्रियों को पानी और नाश्ता भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को ट्रेन में भीड़ का सामना न करना पड़े इसलिए रेलवे ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी है, लेकिन अब यही ट्रेन यात्रियों की परेशानी बन चुकी है। इन ट्रेनों के नाम के आगे सिर्फ स्पेशल शब्द जुड़ा है, ट्रेन को जरा भी तवज्जो नहीं दी जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अधिक किराया देकर भी ट्रेन की लेटलतीफी से खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। घंटों विलंब से चल रही स्पेशल ट्रेनों से यात्री परेशान हैं। इतना ही नहीं इन ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा भी नहीं है। ई-कैटरिंग की सुविधा भी चुनिंदा स्टेशनों में मिल रही है। इस वजह से जहां-तहां ट्रेन को रोक देने से यात्रियों को भोजन और पानी की भी दिक्कत हो जाती है। नियमित ट्रेनों के मुकाबले स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों से भाड़ा अधिक लिया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। नियमित ट्रेनें में भी कहीं गंदगी फैली पड़ी है, तो किसी कोच में पानी नहीं है, तो कहीं एसी नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्री इसकी शिकायत एक्स के माध्यम से रेलवे से कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के लिए रेलवे ने दी है 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा




### पेंट्रीकार ने बढ़ाई यात्रियों की समस्या

लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं होने से यात्रियों को भूखे पेट ही सफर करना पड़ रहा है। ट्रेन के विलंब होने से समस्या और बढ़ गई है। ई-कैटरिंग के जरिए कहीं भी तत्काल खाना नहीं मिल पाता है। स्पेशल ट्रेनों में ना ही पानी, चाय, कॉफी की व्यवस्था है और ना ही खाने को कुछ मिल रहा है। अगर यात्री घर खाना लेकर नहीं चल रहे हैं, तो उन्हें भूखे पेट ही सफर करना होगा। स्पेशल के नाम पर यात्रियों को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है।

### 14 घंटे लेट चली निजामुद्दीन समर स्पेशल

जोन से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। निजामुद्दीन समर स्पेशल 14, आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची। आजाद हिंद एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है। पंजाब के किसान आंदोलन की वजह से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पिछले चार दिन से प्रभावित चल रही है। रविवार को भी अमृतसर से आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

### आजाद हिंद व उत्कल एक्स की बिगड़ी चाल

पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस और पुरी- ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है, पिछले तीन महीनों में यह ट्रेन दो या चार दिन ही समय पर पहुंच कर आगे रवाना हुई लेकिन अपने स्थान से छूटने से लेकर गंतव्य तक पहुंचने में लेटलतीफी के लिए इन ट्रेनों ने नया रिकॉर्ड बना लिया है।

### नहीं सुधर रहा ट्रेनों का समय

बिलासपुर जोन से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस चार दिन से समय पर नहीं चल रही है। पंजाब में हुए किसान आंदोलन की वजह से 15 घंटे विलंब हुई एक ट्रेन शेड्यूल अभी तक नहीं सुधर पाया है। तीन दिन पहले जो ट्रेन यहां से 10 घंटे विलंब से रवाना हुई थी वही ट्रेन रविवार को दोपहर 12 बजे आने की बजाय 10 घंटे विलंब से रात 10 बजे बिलासपुर पहुंची। शनिवार को पहुंचने वाली हावड़ा से पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर आगे रवाना हुए। पुरी-निजामुद्दीन समर स्पेशल ट्रेन 14 घंटे, सूरत से मालदा टाउन जाने वाली मालदा एक्सप्रेस 14 घंटे, पुरी से ऋषिकेश जाने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 8 घंटे और पुणे हटिया एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर गंतव्य को रवाना हुई। इसके अलावा और भी ट्रेनें हैं जो 2 घंटे तक विलंब से चलीं।

# शराब दुकानों में ब्रांड का टोटा नहीं मिल रही पसंद की मदिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के शराब दुकानों में लोगों को पिछले कुछ दिनों से मीडियम रेंज की शराब नहीं मिल रही है। आगामी महीने में नई प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा शराब की बिक्री की जाएगी। इसके चलते पुरानी प्लेसमेंट एजेंसी शराब आपूर्ति करने पर ध्यान नहीं दे रही है।

■ दुकानों में मीडियम रेंज की शराब की किल्लत

शराब दुकान के सेल्समैन ने बताया कि दुकानों में ज्यादातर चर्चित ब्रांड की शराब की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके चलते ग्राहकों में गुस्से के साथ निराशा के भाव हैं। कुछ दुकानों में ही मीडियम रेंज की शराब की सही तरीके से आपूर्ति हो रही है। गौरतलब है कि अंग्रेजी शराब दुकान के साथ प्रीमियम शॉप में भी लोगों को उनक मनपसंद ब्रांड की शराब नहीं मिल पा रही है।

### इन ब्रांड का टोटा

राजधानी की अधिकांश शराब दुकानों से सभी ब्रांड की रम पूरी तरह से गायब हो गई हैं। साथ ही मीडियम रेंज की शराब में आरसी, आरएस, ब्लेंडर स्प्राइड, सिग्नेचर, एंटीक्विटी के साथ ही वोदका में जो कम प्रचलन में है, उस तरह की शराब मिल रही हैं। इसी तरह से बीयर में बटवाइजर, मैग्नम, हैवर्ड फाइव थाउजेंड, एनिकेन, काशबर्ग ब्रांड की बीयर ग्राहकों को नहीं मिल पा रही है। ज्यादातर शराब दुकानों में बीयर के नाम पर केवल सिंबा ही उपलब्ध है। शराब की अनुप्लब्धता को लेकर अफसरों से संपर्क करने पर अफसरों ने किसी भी तरह से संतोषजनक जवाब नहीं दिया। साथ ही व्यवस्था में जल्द सुधार होने का दावा किया।

### चुनाव की वजह से व्यवस्था चरमराई

शराब दुकान के कर्मी के मुताबिक ज्यादातर अफसर इन दिनों चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, इस वजह से भी शराब की सही ढंग से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस वजह से लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड के शराब नहीं मिल पा रही है। दुकान कर्मी के मुताबिक चुनाव संपन्न होने के बाद व्यवस्था में सुधार हो सकता है और लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड की शराब सही तरीके से मिल सकती है।

## आंबेडकर अस्पताल में दो दर्जन स्थानों पर लगी है ठंडा पानी की मशीन

# गर्मी बढ़ी तो कम पड़ने लगे वाटर कूलर मरीजों के हिस्से में आ रहा गर्म पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तापमान का पारा चढ़ने के बाद तेरह सौ बेड वाले आंबेडकर अस्पताल के मरीज एवं कर्मचारियों की प्यास बुझाने के लिए दो दर्जन वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं। लगातार उपयोग की वजह से मरीजों के हिस्से में गर्म पानी आ रहा है।

यहां उतनी ही संख्या में ठंडे पानी की नई मशीन लगाने की योजना थी, जो भरी गर्मी में पूरी नहीं हो पाई है। सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में सुबह के वक्त ओपीडी, भर्ती मरीज, चिकित्सकीय सहित स्टाफ मिलाकर करीब तीन हजार लोग मौजूद रहते हैं। इसमें डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों को छोड़ दिया जाए तो करीब ढाई हजार लोगों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी वहां 25 स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों पर होती है। आसानी से उपलब्ध स्थलों का चयन कर वहां वाटर कूलर लगाए गए हैं, जहां से मरीज और अन्य लोग आवश्यकता के मुताबिक पानी ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गर्मी बढ़ने की वजह से लगाए गए वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं और लगातार उपयोग की वजह से उसमें पानी ठंडा नहीं हो पा रहा है और मरीजों को गर्म पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। दोपहर बाद और रात में आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है, मगर तकलीफ ओपीडी के वक्त होती है, जब यहां लोगों की सबसे अधिक भीड़ होती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा गर्मी को देखते हुए वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने के लिए खरीदी की योजना बनाई गई थी, मगर तेज गर्मी के दौरान यह काम पूरा नहीं हो पाया था।

### इमरजेंसी गेट पर योजना अधूरी

अस्पताल के इमरजेंसी गेट की तरफ आने वाले मरीजों तथा अन्य लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुख्य गेट के बाहर एक वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव दिया गया था मगर काम अधूरा पड़ा है। इस ओर आने वाले मरीजों को ओपीडी पंजीयन क्षेत्र अथवा प्रथम तल में जाकर पानी का इंतजाम करना पड़ता है।

### तीन माह पहले टंकी की सफाई

अस्पताल के मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ जिस वाटर कूलर का पानी पीते हैं, उसकी सप्लाई भवन के ऊपर बनी टंकियों के माध्यम से की जाती है। गर्मी की शुरुआत होने से पहले फरवरी के अंतिम दिनों पर टंकियों की सफाई की गई थी, मगर इसमें नियमितता नहीं होती। टंकी से पानी वाटर कूलर तक पहुंचने से पहले फिल्टर किया जाता है, जिसके लिए मशीन लगाई गई है।

## नीबू पानी के बहाने आंगन बाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार कराने का आरोप

# पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल मतदान केंद्र के सामने धरने पर बैठे विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मतदान केंद्रों के बाहर नीबू शरबत बांटने के बहाने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने आंगन बाड़ी और स्वास्थ कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार के विरोध में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय सरस्वती स्कूल के सामने धरने पर बैठे। उन्होंने मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर ने ऐसा करने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब धरना समाप्त किया।

■ मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा

रायपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने मंगलवार को जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, मतदान के दो दिन पूर्व रायपुर कलेक्टर ने पोलिंग बूथों में तंबू लगाकर नीबू पानी और शरबत पिलाने का आदेश जारी किया, जो विभिन्न समाजिक संस्थाओं और एनजीओ के माध्यम से होना था। कुछ संस्थाओं द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि शरबत और नीबू पानी पिलाने के बहाने भाजपा और जिला प्रशासन ने मतदाताओं को भाजपा के एजेंट के माध्यम से भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने की आशंका थी। उन्होंने कहा मैंने दो दिन पूर्व ही रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को आगाह किया था। मंगलवार सुबह से ऐसी जानकारी लगी कि भाजपा के एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर उन स्टालों में जहां शरबत और नीबू पानी बांटा जा रहा है, वहां भाजपा का गमझा और अन्य प्रचार सामग्री लेकर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं।



### चुनाव आयोग के निर्देश की अवहेलना

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग के जारी निर्देश के अनुसार किसी भी राजनीति पार्टी का व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के दूर ही रहेगा। यहां पर पोलिंग स्टेशन के इतने नजदीक प्रशासन की नाक के नीचे ऐसा कृत्य हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के बूथ एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर नरेंद्र मोदी की फ़ोटो लगी वाली डायरी और पेन का इस्तेमाल कर रहे हैं और प्रशासन मौन है। क्या यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।

### कलेक्टर के आश्वासन पर धरना समाप्त

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, महेंद्र छाबड़ा, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल सहित कई पार्षद और नेता कार्यकर्ता साथियों के साथ पुरानी बस्ती के पोलिंग बूथ के बाहर चक्का जाम कर धरना दिया, बाद में कलेक्टर रायपुर के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

## बीते साल 137 योजनाएं आई थीं सालभर में, पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

# रियल एस्टेट में नई योजनाओं की रफ्तार धीमी, चार माह में रेरा में 60 का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रियल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक चार माह में 60 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आई, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

### चार माह में 60 योजनाएं

नए साल 2024 में चार माह में अब तक 60 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेश भर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।




### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुई। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुई। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं।

इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल तुमगांव में प्रवेश प्रक्रिया 14 को

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में नए शिक्षा सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के प्रवेश लॉटरी प्रक्रिया होनी है। तुमगांव सेजेस प्राचार्य लंकेश कुरील ने बताया कि कक्षावार प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन को तिथि 10 अप्रैल से 10 मई तक निर्धारित की गई है। जिसमें प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 10 मई है। सेजेस तुमगांव कक्षावार रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रकिया 14 मई को सुबह 9 बजे से सेजेस तुमगांव में नियमानुसार सभी कक्षाओं के लिए लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।



### नवीन महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य एचएल दीवान द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लता भोई कार्यक्रम अधिकारी रेडक्रास सोसायटी द्वारा रेडक्रास संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जीवनी के बारे छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। रेडक्रास सोसायटी के उद्देश्य निःस्वार्थ सेवा एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में महाविद्यलाय के वालिंटियर्स व छात्र-छात्राओं को बताया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, ऋषि वर्मा, सविता पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निधन

### लखन लाल जलक्षत्री

**नर्रा।** ग्राम गांजर (मुनगासेर) निवासी लखन लाल जलक्षत्री से वा नि वृ त लाइनमैन (70) का निधन 6 मई सोमवार को हो गया। वे वर्तमान में कौडिया परिक्षेत्र समाज के कोषाध्यक्ष थे। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे संतोष, जगन्नाथ जलक्षत्री के पिता थे।



# द्रोणिका के असर से मौसम में आया बदलाव, हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

- बारिश के कारण अन्नदाता किसानों की परेशानी बढ़ी

क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि में गरज चमक एवं हवा के साथ बारिश हुई। बारिश की वजह से कुछ समय के लिए बिजली चली गई। बारिश थमने के बाद लाइट आई। इधर, बारिश के कारण अन्नदाता किसानों की परेशानी बढ़ गई है।



रबी धान फसल पककर तैयार है। वहीं अनेक किसान रबी धान फसल की कटाई हार्वेस्टर से करा रहे हैं। बारिश के कारण खेत में नमी होने से कटाई प्रभावित हो रही है। किसान अब खेत सूखने का इंतजार कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में द्रोणिका के असर से मौसम में बदलाव आया है। रात में बारिश व दिन तेज धूप, उमस से लोग परेशान रहे। वहीं जिन किसानों के फसल पककर तैयार हो चुकी है, ऐसे किसानों की की चिंता बढ़ गई है। रबी धान फसल कटाई के बाद किसान अपने घर के सामने बारिश के कारण पॉलीथिन से ढंक कर रखे हुए है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में छात्रों की प्रतिभा उभारने लगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय में समर कैंप का 15 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन शाला के प्राचार्य एच आचार्य, प्रधान पाठक चिंतामणि चंद्राकर, उपप्राचार्य चमन चंद्राकर, शिक्षक ठाकुर के द्वारा माता सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। समर कैंप का आयोजन प्रतिवर्षनुसार बच्चों के सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र में विकास के लिए किया जाता है। समर कैंप के उद्घाटन अवसर पर शाला के उपप्राचार्य द्वारा उद्बोधन में कहा कि सभी शिक्षिकाओं द्वारा समर कैंप में मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं बच्चों को कुछ ना कुछ विशेष सीखने को मिलेगा। इस कैंप में शाला में जो सालभर पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियां होती हैं उन गतिविधियों को सिखाया जाएगा।



### योग, जुंबा समेत अनेक गतिविधियां शामिल

15 दिवसीय कैंप में बच्चे योग, जुंबा, वाद्य, संगीत, नृत्य कला पेंटिंग, मेहंदी, पाक कला, औरोगामी, अबेकस, मूर्तिकला, रंगोली, मॉडल, कबाड़ से जुगाड़, नृत्य नाटिका आदि सीखेंगे। एच आचार्य ने कहा कि हमें सीखने के लिए किसी उम्र का मोहताज नहीं होना चाहिए, सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए और यह सीखा हुआ कोई भी चीज जीवन में काम ही आता है। कार्यक्रम में शाला के सितोश झुलपे, शिक्षिकाओं में सुधा शर्मा, अंजनी साहू, भारती सोनी, भोजेश्वरी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ शुभारंभ, 80 बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में तीन दिवसीय निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ बोधराम साहू जिला समन्वयक एवं शशि प्रभा थिटे, नरेंद्र नायक ब्लॉक समन्वयक, संतूलाल साहू, परस चौहान एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में मां गायत्री की पूजन एवं दीप प्रजवलन कर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन के सत्र में प्रार्थना, जप एवं ध्यान के साथ युवाओं का आह्वान, कैरियर निर्माण, स्वस्थ रहने की कला आदि विषयों पर पावर पॉइंट के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में महासमुंद के अलावा लभरा, खैरा, बेमचा, मचेवा एवं लाफिनखुर्द के लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। शिविर शुभारंभ पर शशिप्रभा थिटे ने सभी बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर संघर्षों से लड़ते हुए अपने व्यक्तित्व को शानदार बनाकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।



बोधराम साहू एवं नरेंद्र नायक ने भी सभी बच्चों को शिविर में आने के लिए धन्यवाद देते हुए सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में भारत साहू, नरेश साहू एवं खेमीन साहू शरीक हुए। कार्यक्रम में डॉ साधना कसार एवं एमएल साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में ओमप्रकाश साहू, हरिश डडसेना, प्रियंका नाग देवे, पूर्णिमा साहू, मनोरमा साहू, लक्ष्मी नाथ साहू, अमर साहू, भुखन, धनीराम, कुमारेश, लोकेश, लिनेश आदि का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी भारत साहू जिला युवा प्रकोष्ठ प्रमुख ने दी है।

# विश्व रेडक्रास दिवसः मनुष्य के अंदर होने चाहिए सभी जीवों के प्रति मानवता का गुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा के तत्वावधान में शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, अध्यक्षता डा अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक रेडक्रास, विशिष्ट अतिथि के रुप में मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, रीति व रेडक्रास प्रभारी लुकेश साहू उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के कर कमलों से रेडक्रास का ध्वजारोहण के साथ किया गया। तत्पश्चात रेडक्रास का झंडा गीत व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.सविता चंद्राकर ने कहा कि मनुष्य के अंदर सभी जीवों के प्रति मानवता का गुण होना आवश्यक है। आज मनुष्य सिर्फ अपने स्वार्थ के बारे में सोचता है। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारी वजह से किसी की मानवता का ठेस न पहुंचे। अध्यक्षता कर रहे डा. जिला संगठक रेडक्रास अशोक गिरी गोस्वामी ने कहा कि रेडक्रास हमें दूसरों की निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। रेडक्रास का उद्देश्य शांति, सेवा, मित्रता का प्रतीक है। उन्होंने रेडक्रास दिवस क्यों मनाया जाता है व उसके क्या उद्देश्य है उसके बारे में सविस्तार जानकारी दिया गया। विशिष्ट अतिथि मेनका चंद्राकर ने कहा कि कहानी के माध्यम से मानवता के विषय पर जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी गायत्री चंद्राकर ने कविता प्रस्तुत किए।

आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के छात्र क्षितिज पांडे ने तुलसीदास रचित सुंदर पंक्ति पढ़कर मनुष्य के मानवीय गुणों के बारे में सविस्तार अपना भाव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिनेश साहू द्वारा रेडक्रॉस संगठन कैसे बना उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मुरलीमनोहर साहू, शांत्रीबाई महाविद्यालय के स्टाफ देवेंद्र चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महासमुंद नगर के अन्य विद्यालय व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू ने दी है।


# शंकराचार्य जयंती पर विशाल संत समागम व भागवद्गाचार्य सम्मेलन

## रायपुर के महादेवघाट में जुटेंगे प्रदेशभर से गोस्वामीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा महादेवघाट रायपुर में 11 व 12 मई को विशाल संत समागम, भगवद्गाचार्य सम्मेलन व जगद्गुरु शंकराचार्य प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेशभर से गोस्वामीजन बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय आयोजन में पहले दिन सायं 6 बजे से संत समागम - भगवद्गाचार्य सम्मेलन में प्रदेशभर के गोस्वामी भगवद्गाचार्य, संत व समाज के भगवद्गाचार्य धर्म, संस्कृति, समाज व राष्ट्रहित विषय पर चिंतन करेंगे। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक शंकराचार्य की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होगा।

शोभायात्रा व भोजन प्रसादी के पश्चात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के संस्थापक व नीति निर्धारण समिति के अध्यक्ष रमन गिरि गोस्वामी करेंगे। ऋषि आश्रम के संत नारायण दास त्यागी, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी एवं प्रदेश के महंतगण विशेष अतिथि होंगे। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य पर आधारित व्याख्यान होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान, भगवद्गाचार्यों का सम्मान, विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, महासचिव भूपेंद्र पुरी एवं कोषाध्यक्ष विश्वनाथ पुरी गोसाईं के मार्गदर्शन में विष्णु गिरि को कार्यक्रम संयोजक, बद्री पुरी एवं घनश्याम पुरी को सहसंयोजक, पोखराज बन प्रांतीय संगठन सचिव को कार्यक्रम समन्वयक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त रायपुर जिला कार्यकारिणी को आयोजन समिति का दायित्व सौंपा गया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकुमार पुरी, प्रहलाद गिरि, केशव गिरि, धर्मेंद्र प्रकाश गिरि, गुमान पुरी, घनश्याम गिरि, सह सचिव मनीष बन, हरीश गिरि, प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी, सुशील पुरी, संगठन सचिव मदन गिरि, जागेश्वर बन, उमेश गिरि, गिरीश पुरी गोसाईं, सदस्य चंदू गिरि, राम पुरी, डोमन पुरी देवेंद्र गिरि, अजय गिरि, कमलेश भारती, आकाश गिरि, अविनाश गिरि, पप्पू जनार्दन, वीरेन्द्र रमन गिरि, पंकज गिरि, मुकेश गिरि, मातृशक्ति प्रकोष्ठ के उषा किरण गोस्वामी, मोहिनी गोस्वामी, हीना गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, संगीता गोस्वामी, सुधा गोस्वामी सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष होरेंद्र गिरि कांकेर, काशी पुरी कुंदन गरियाबंद, भोज गिरि रायगढ़, दामोदर पुरी धमतरी, घासी गिरि कोरबा, धनराज पुरी दुर्ग, तोषण गिरि महासमुंद, शैलेंद्र गिरि जांजगीर-चांपा, सुरेंद्र गिरि बलौदाबाजार, दुष्यंत गिरि बालोद पंकज गिरि मुंगेली, मुकेश गिरि बिलासपुर, सूरज गिरि जांजगीर-चांपा सहित बेमेतरा, जगदलपुर, राजनांदगांव के पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।



# महाविद्यालय में छात्रों को दी गई विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के संरक्षण एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या भोई के मार्गदर्शन में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका चौधरी, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार तांडी, आरती साहू उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई ने जीवन में संघर्ष के महत्व का बहुत ही सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए सीखने की प्रवृत्ति को बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। डॉ. चंद्रिका चौधरी ने समय के महत्व को समझाते हुए कहा कि समय खरगोश की तरह फुदकते हुए हमसे दूर चला जाता है, आवश्यकता है प्रयत्न कर उस खरगोश को अपनी गोद में लेकर सहलाने की। तत्पश्चात अंतिम वर्ष के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा अपने दो वर्ष के अविस्मरणीय अनुभव और कनिष्ठ छात्रों के प्रति स्नेह भाव को नम आँखों के साथ अभिव्यक्त किया। मंच संचालन गायत्री मिश्रा और दीपक भोई ने किया। अंतिम वर्ष की वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा हिंदी विभाग को स्मृति चिन्ह के रूप में फोटो फ्रेम दिया गया। जिसमें सभी शिक्षकों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्रों का चित्र अंकित है। अंत में दीपक भोई द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# मेरी स्मारक खोज पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) नई दिल्ली की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग की प्रधान निदेशक पूर्णिमा दत्त के कुशल निर्देशन में आयोजित अखिल भारतीय मेरी स्मारक खोज पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता 2024 में इंटैक सरायपाली अध्याय अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत, पढ़ाई के साथ-साथ आर्ट एंड क्रॉफ्ट, पेंटिंग, रंगोली, बागवानी कार्य में विशेष रुचि रखने वाली प्रतिभाशाली छात्रा आस्था पटेल ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते हुए विश्व प्रसिद्ध पुरातत्व स्थल सिरपुर में स्थित प्राचीन लक्ष्मण मंदिर का रंगीन, आकर्षक चित्र उकेरकर अपने उत्कृष्ठ ड्रॉइंग/पेंटिंग कला-कौशल का प्रदर्शन किया।

वहीं इसके बारे में सारगर्भित निबंध भी लिखा। देशभर के 100 शहरों से कक्षा सातवीं, आठवीं, नवमी पढ़ने वाले 11000 स्कूली विद्यार्थियों ने इस विशिष्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अल्प ज्ञात स्थानीय निर्मित विरासत की समझ विकास किया। इंटैक केंद्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ज्यूरी द्वारा मूल्यांकन पश्चात 15 राष्ट्रीय विजेता एवं 103 क्षेत्रीय विजेताओं के नामों की घोषणा की गई है। जिसमें सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय पिरदा में पदस्थ प्रविन्द कुमार पटेल एवं मीना पटेल की पुत्री तथा फलक पटेल की बहन आस्था पटेल को क्षेत्रीय विजेता के रुप में चयनित किए जाने पर इंटैक सरायपाली अध्याय के संयोजक, सहसंयोजक, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक एमजीएम सतीश नायर एवं नंदकिशोर सिन्हा, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, बीईओ सरायपाली प्रकाशचंद्र मांझी, एबीईओ डीएन दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, संकुल नोडल प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल, सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल, संकुल समन्वयक कामता प्रसाद पटेल, प्रधान पाठक (मिडिल स्कूल) एवं संयोजक यशवंत कुमार चौधरी, प्रधान पाठक (प्राथमिक विभाग) आशा शर्मा सहित गुरुजनों, सेजेस स्टॉफ एवं परिवारजनों, इष्टमित्रों आदि ने हर्ष जताया है।




# सोने-चांदी के जेवर बेचने ग्राहक तलाश रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे आरोपी को नगर के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 89950 रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी ए व्यक्ति बस स्टैंड महासमुंद के पास चांदी के जेवर को बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मुखबीर के निशानदेही पर मौका बस स्टैंड के पास पहुंच कर घेराबंदी कर 01 व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसने अपना नाम नोहर ध्रुव पिता अगनू ध्रुव (24) सुभाष नगर महासमुंद का निवासी होना बताया।



# महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शासकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस प्रभारी एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन में विश्व रेडक्रॉस दिवस (8 मई) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रिका चौधरी सहायक प्राध्यापक हिंदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी यूथ रेडक्रॉस डॉ. आरएस पटेल ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रिका चौधरी ने रेडक्रॉस के उद्देश्य, मानवता, निष्पक्षता, तटष्ठता, स्वतंत्रता, स्वैछिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता के बारे में बताते हुए आंग्ल-सिख युद्ध में सिख सैनिकों द्वारा किए गए मानवता के परिचय के बारे में विस्तार से बताया। पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा विश्वास दिलाया कि आगामी शिक्षा सत्र में भी यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूके बरिहा ने रेडक्रॉस सोसाइटी संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके उद्देश्य एवं किये गए कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अंत में आभार प्रदर्शन अंकित यदु सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापकगण खिरोद्र डडसेना, सुष्मिता भोई, महाविद्यालय के कर्मचारीगण मेनका नायक, तारा बाई, दुर्गा चौहान, दुर्गाशंकर यादव, नीरज सागर एवं छात्र-छात्राएं सेत कुमार कोसरिया, राहुल, तोषवंत मेहेर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जनपद के चलित शौचालय का हाल-बेहाल



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर जनपद पंचायत के सामने लाखों रूपये की लागत से चलित शौचालय देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। जब भी कोई शासकीय कार्य व आयोजन होता है तो इस शौचालय का उपयोग किया जाता है। लेकिन कार्यक्रम के बाद सुरक्षित स्थान पर नहीं रखने के कारण इस शौचालय में बच्चों के द्वारा या असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ किया जा रहा है, इस ओर संबधित विभाग का ध्यान नही है।

### बेमौसम बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

**फिंगेश्वर।** सप्ताह भर से आसमान में सफेद एवं काले बादलों के छाने से गरज-चमक एवं तेज हवाओं के साथ एवं बूंदाबांदी एवं बारिश होने से तापमान में कमी वृद्धि होते आ रही है। 7 मई को रात्रि तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से सुबह का वातावरण खुशनुमा रहा। सड़कों में उड़ने वाले धूल की कमी के साथ-साथ तापमान मे कमी रही। वहीं पर दोपहर में 12 बजे के बाद चिलचिलाती गर्मी ने तापमान में वृद्धि कर दिया। आसमान में कहीं धूप कहीं, छांव का खेल चलता रहा।लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में बारिश होने राहत मिली है। वहीं पर दोपहर चिलचिलाती गर्मी ने पूरा कसर उतार दिया।

## निधन

### विशाखा बाई सेन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम बम्हनी निवासी श्रीमती विशाखा बाई सेन 77 वर्ष का आकस्मक निधन मंगलवार को हो गया। वे देवलाल सेन व तेजराम सेन की माता थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्य नागरिक व परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### सरस्वती देवी ठाकुर

**राजिम।** सरस्वती देवी ठाकुर पति स्व.रामकुमार ठाकुर का निधन हो गया। वे विनय सिंह ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, अजय सिंह की माता थी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल हुए।



# समय पर उठाव न होने से खुले में पड़ा है 13 हजार क्विंटल धान

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

खरीफ फसल के धान की खरीदी बंद हुए लगभग 3 माह से भी ज्यादा हो गए हैं, परंतु फिंगेश्वर सहकारी बैंक अंतर्गत 8 में से 4 केन्द्रों में अभी भी लगभग 13 हजार क्विंटल यानी 32500 कट्टा धान खरीदी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

इस वर्ष हुई गाहे–बगाहे वर्षा, हवा, अंधड़ के बाद वर्तमान में 42 से 43 डिग्री की धूप की गर्मी में खरीदी केन्द्रों में धान भीग रहा है, सूख रहा है, चूहे धान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके चलते धान की मात्र में कमी आना स्वाभाविक है। सही समय में धान खरीदी केन्द्रों में उठाव को लेकर परिवहन हुई होती तो इस प्रकार की स्थिति उत्पनन नहीं होती। सहकारी बैंक फिंगेश्वर के प्रबधंक शेषनारायण पांडे के अनुसार 7 मई की तारीख में बोरसी में 4500 क्विंटल, बिनौरी भाठा में 4500 क्विंटल, परसदाकला खरीदी केन्द्र में 2400 क्विंटल एवं चरौदा में 2000 क्विंटल करीबन धान उठाव के लिए शेष है। खरीदी के 95 दिन के बाद भी खरीदी केन्द्रों में इतना स्टॉक पड़े रहना अपने आपमें काफी परेशानी का कारण है। फिंगेश्वर सहकारी बैंक अंतर्गत 8 केन्द्रों में लगभग 5000 क्विंटल धान की शार्टेज का अनुमान है। अब इसका खामिजाना किस प्रकार पूरा होगा यह एक गंभीर प्रश्न है।बैंक सूत्रें ने बताया कि खरीदी व्यवस्था की जिम्मेदारी अकेले बैंक की नहीं बल्कि सहकारिता खाद्य मार्क फंड की भी होती है।

**खास बातें**

- फिंगेश्वर सहकारी बैंक अंतर्गत चार केन्द्रों में रखा है धान
- बारिश में भीग रहा धान तो चूहों से धान का हो रहा नुकसान



## कार्रवाई : भालू पंजा के साथ सुअर के चार दांत बरामद

# भालू पंजा-सुअर दांत बेचने कर रहा था ग्राहक की तलाश, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफर जोन एरिया कुल्हाड़ीघाट के ग्राम आमामोरा निवासी एक आरोपी ने उड़ीसा सीमा के जंगल से एक मृत भालू का पंजा काटकर उसे बेचने की फिराक में पंजा अपने घर लाया था। वन विभाग की एन्टीपोचिंग टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को भालू के पंजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के घर की तलाशी में टीम को भालू के पंजे के साथ 4 नग सुअर का दांत भी मिला है। आरोपी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसने सूअर का शिकार कर उक्त दांत निकाला था। वन विभाग द्वारा वन अपराध दर्ज कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

- वन विभाग की एंटी पोचिंग टीम ने दबोचा

### सुअर का किया था शिकार

पकड़े गए आरोपी का नाम लखमू सोरी पिता विश्राम सोरी 39 वर्ष ग्राम आमामोरा है। एक वर्ष पूर्व सुनाबेड़ा अभ्यारण उड़ीसा के जंगल में दो सुअरों का शिकार कर उसका दांत निकालकर अपने पास रख लिया था।इसके अलावा उड़ीसा के ही जंगल से एक मरे हुए भालू का पंजा काट कर अपने घर ले आया था।इसकी भनक लगने पर वन विभाग की टीम ने आरोपी के घर दबिश दी, जहां से चार नग सुअर दांत, भालू का कटा हुआ पंजा आदि बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध वन अपराध, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 29, 31, 39, 50, 51 एवं 52 के तहत अपराध दर्ज किया है। विवेचना अधिकारी बैकुंठ सिंह ठाकुर वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ओंढ़ द्वारा आरोपी लखमू सोरी पिता विश्राम सोरी को गिरफ्तार कर न्यायालय मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया है।

### टीम में ये रहे शामिल

इस कार्यवाही में एंटी कोचिंग की टीम नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती मैनपुर, परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट (बफर) अमर सिंह ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा (बफर) राकेश परिहार, राकेश मारकंडेय, ओम प्रकाश राव, फलेश्वर दीवान, चुरामन घृतलहरे, वीरेंद्र धुरव, भूपेंद्र भेड़िया, विरेंद्र कुमार ध्रुव, ऋषि ध्रुव, दुर्जन कुमार ट्रेकर, केशर यादव ट्रेकर एवं समस्त कुल्हाड़ीघाट (बफर) स्टाफ का विशेष योगदान रहा।





# भाजपा को जिताने जी जान से की मेहनत

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए भाजपा के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं ने दिलोजान से काम किया और उन्हें अधिक से अधिक लीड दिलाने के लिए एक-एक गांव के एक-एक गलियों के एक-एक घरों में गए। यहां तक कि चुनाव प्रचार थमने के बाद भी कुछेक ऐसे कार्यकर्ता रहे जो लगातार ग्रामीणों से जनसंपर्क करते रहे। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने प्रत्याशी श्री अग्रवाल को प्रचंड जीत दिलाने जी-तोड़ मेहनत किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देवांगन ने बताया कि पूर्व नियोजित योजना अनुसार सुबह जल्दी अपने मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। इसके बाद दिन भर नवापारा नगर सहित भाजपा मंडल नवापारा के विभिन्न ग्रामों में लगातार घूम-घूमकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते रहे। इस दौरान देवांगन, लोगों से प्रत्यक्ष मिलने के साथ-साथ, सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों से अपील करते रहे। वे लोगों को समझाते रहे कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां तुष्टिकरण और नफरत की राजनीति पर उतर आईं हैं। जबकि दूसरी ओर सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र को लेकर काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संतुष्टिकरण, भाईचारा, और सामाजिक सदभाव की बात करते आए हैं। भाजपा, इस बार का चुनाव विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर लड़ रही है। विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।



# 99 प्रतिशत रहा सशिमं का वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति गरियाबंद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 98.78 प्रतिशत रहा।

इसमें कक्षा अरुण से एकादश तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में विकास पारख, विशेष अतिथि मानिक राम साहू राजिम विभाग समन्वयक और लोकनाथ साहू कोषाध्यक्ष तथा अध्यक्षता श्रीमती विनोदिनी मिश्रा रही। कक्षा अरुण में प्रथम बहन उमा बघेल 100%, उदय में प्रथम बहन अंजलि बघेल100%, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान बहन रिद्धि ध्रुव 99%, कक्षा द्वितीय में प्रथम बहन चैतन्या ठाकुर 99.5%, कक्षा तृतीय में प्रथम उज्जवल कुमार साहू 98.5%, कक्षा चतुर्थ में प्रथम बहन भूमि कंवर बहन, कृतिका बंजारी 98.5, कक्षा पंचम में प्रथम बहन रुद्राक्षी साहू तथा भैया नीरज साहू 97.5%, कक्षा षष्ठ में प्रथम बहन हर्षा कंवर 98%, कक्षा सप्तम में प्रथम भैया धनराज दीवान 95.3 प्रतिशत, कक्षा अष्टम में प्रथम बहन यामीनी निषाद 98.33 प्रतिशत, कक्षा नवम में भैया प्रियांशु यादव 96.83 प्रतिशत, कक्षा एकादश में प्रथम बहन खुशबू साहू 95.2 प्रतिशत रही। इस प्रकार विद्यालय में कुल 738 प्रथम श्रेणी में तथा 291 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार द्वारा सभी भैया /बहनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।





# समर कैंप में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बाल व्यक्तित्व एवं आन्तरिक शक्तियों के विकास हेतु 5 दिवसीय समर कैम्प के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोंडा की प्राचार्य ललिता अग्रवाल, सेवानिवृत प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे, सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल दुबे ने समर कैम्प आयोजित करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है। प्राचार्य ललिता अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह कार्यक्रम बहुत जरूरी है। बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम बार-बार आयोजित करने की जरूरत बतलाई।

पुष्पा दीदी ने कहा कि यहां पर इस आध्यात्मिक वातावरण में आपके बच्चे जब आएंगे तो यह स्थूल चीजें बनाना तो सीखेंगे ही साथ-साथ ऐसे रिश्ते जिनमें प्यार हो, एक दूसरे की परवाह हो, एक दूजे के लिए सम्मान हो और साथ में व्यावहारिक ज्ञान व अनुशासन हो यही हमारे खुशहाल जीवन की नींव हैं। यदि नींव मजबूत होगी तो जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों का हम मजबूती से सामना कर सकेंगे। इस समर कैंप में 60-70 बच्चे भाग लिया।



# रूप सिंह ने थानूराम के इलाज में की मदद

**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभटटी प्रमुख व भाजपा कार्यकर्ता नाथूराम साहू लम्बे समय से गंभीर रुप से अस्वस्थ थे। इसकी जानकारी होने पर भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता डा. रुपसिंह साहू ने न केवल नाथूराम की मदद की बल्कि रायपुर में भर्ती कराकर उपचार में भी मदद की।

सोमवार को नाथूराम साहू स्वस्थ होकर अपने गृहग्राम देवगांव वापस पहुंचे हैं। डा. रूपसिंग साहू ने उनके घर पहुंचकर मुलाकात की और हालचाल जाना। ज्ञात हो कि डा. रुपसिंग साहू पीड़ित बीमार व्यक्ति की सेवा भाव में समयदान प्रतिदिन विगत अनेक वर्षों से दे रहे हैं। रायपुर जैसे बड़े शहर में गांव से छोटे, मध्यम वर्ग के लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने, उपचार में मदद करने का काम करते हैं। विशेषकर गरियाबंद जिला से एवं अन्य क्षेत्रों से पहुंचे बीमार व्यक्ति को समयदान देकर सहयोग करते हैं। मुलाकात के दौरान साथ में रामाधार साहू पूर्व सरपंच सेंदर, ओम प्रकाश साहू सरपंच चरभठ्ठी, रूपेश साहू, गंगा दिन साहू, हुलास राम साहू, देवनारायण साहू, चंदू साहू, नानक, पूर्व सरपंच बिजली मोतीराम निषाद, मोनू साहू, हीरामन साहू, राजेश साहू, राकेश साहू, जीवन साहू, शंभू राम साहू उपस्थित थे।



# पटेल मरार समाज की बैठक में शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मरार पटेल समाज की बैठक में जिला अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, तहसील संरक्षक फिरगी पटेल, विनोद पटेल, अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, राज सदस्य हेमसिंग पटेल, तहसील सचिव राजू पटेल, संचालक लक्ष्मीनारायण पटेल, भुखन पटेल अध्यक्ष राजिम नगर, मुरारी पटेल, विमल पटेल, रमेश पटेल शामिल थे। बैठक में राजिम तहसील के प्रत्येक गावों में हर महीने बैठक कर समाज को संगठित करने और समाज में युवाओं, महिलाओं और कर्मचारियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने, समाज में आदर्श विवाह पर जोर, और ज्यादा से ज्यादा समाज में शिक्षा और संस्कार पर चर्चा किया गया। समाज में तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह जल्द आयोजित किया जावेगा। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि हमारा समाज एक मेहनत कस समाज है, सादगी पूर्ण जीवन जीने, हरी ताजी सब्जियां उगाकर जन मानस को स्वस्थ्य और समृद्ध बनाने का काम करता है, समाज के लोग अब आदर्श विवाह को प्राथमिकता दे, जिससे फिजूल खर्ची पर रोक लगाया जा सके।



# जनहित में लगवाया वॉटर कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गर्मी में राहगीरों, यात्रियों और नागरिकों को शीतल जल सुलभ कराने की दृष्टि से समाजसेवी भावेश ने रायपुर रोड स्थित हीरा शांति ट्रेडर्स के पास वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया। इस कड़ी में वॉटरकूलर का शुभारंभ हरीश भाई ठक्कर, त्रिलोक सिन्हा, भावेश सिन्हा किया।

समाजसेवी भावेश ने बताया इस भीषण गर्मी में लोगों को छांव और ठंडे पानी की बेहद तलब रहती है और बहुत से लोग ठंडा पानी ख़रीद कर पीते हैं और कुछ राहगीर ऐसे है जो पानी ख़रीद नहीं पाते। ये सुविधा सभी के लिए है, 24 घंटे आप यहां कुछ देर छांव में बैठ कर ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझा सकते हैं। उन्होंने पक्षियों के लिए अपने छत पर पानी और दाने रखने का अनुरोध किया है।

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु मारुति इको, टाटा मैजिक, बोलेरो, डी आई टैक्सी की आवश्यकता है।
रायपुर से सरायपाली
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

